

# Competency Based Practice Questions

## Hindi - X

Co-created by

Board of School Education Haryana
and
Educational Initiatives

# HOW TO USE THIS BOOKLET

**Dear Teachers and Students,**

The **Board of School Education Haryana** is pleased to present the **Competency-Based Practice Questions** booklet. This resource has been thoughtfully designed to help you deepen your understanding of key concepts and enhance your problem-solving skills. It includes **50 exemplar questions** carefully aligned with the curriculum to familiarize students with the format of **Competency-Based Questions**. These questions are intended to support targeted practice and develop the skills necessary to confidently approach a variety of question types in assessments.

**Best Ways for Teachers to Utilise This Resource**

1. Integrate into Classroom Teaching

- Use these questions to demonstrate how theoretical concepts translate into practical applications.
- Encourage group discussions to explore reasoning and understanding of concepts taught.

2. Scaffold Student Learning

- Start with simpler questions and guide students through the thought process.
- Gradually introduce more complex questions to build confidence and familiarity.

3. Incorporate into Assessments

- Use these questions in classroom quizzes or homework to help students adapt to the format.
- Provide feedback that emphasises reasoning over correctness, encouraging students to refine their understanding.

4. Focus on Skill Development

- Highlight how these questions nurture understanding, analysis and critical thinking.
- Use student responses to identify and address misconceptions effectively.

**Best Ways for Students and Parents to Utilise This Resource**

1. Focus on Conceptual Understanding

- Approach each question as a way to understand *why* and *how* a concept works, rather than simply finding the correct answer.

2. Practice Purposefully

- Don’t rush—break down the question, identify the concept it addresses, and plan your approach before solving it.

3. Use Feedback to Improve

- Treat mistakes as learning opportunities. Review incorrect answers to understand *what went wrong* and *how to improve*.
- Revisit similar questions to build confidence and mastery over the topic.

**Best Ways for Parents to Utilise This Resource**

1. Encourage Critical Thinking

- Spend time discussing questions and concepts, asking "Why?" and "How?".

2. Create a Positive Environment

- Celebrate effort and curiosity, not just grades.
- Help your child view mistakes as opportunities to learn and grow.

3.Collaborate with Teachers

- Stay informed about competency-based assessments through school communications.
- Share observations and work with teachers to address any concerns or challenges.

**Final Message**

These practice questions are an excellent opportunity to strengthen your conceptual understanding and boost your confidence in solving competency-based questions. For students, each question builds skills that will help you tackle similar challenges with ease. For teachers, this is a chance to mentor students in developing their thinking and problem-solving skills.

Start today—every effort you invest will prepare you not only for exams but for a lifetime of meaningful learning and success. Let's make this journey toward competency-based education a meaningful and successful one!

**Board of School Education, Haryana**

# Contents

How to use this Booklet ..... 2
व्याकरण और शब्दावली ..... 5
अंक योजना ..... 7
लेखन ..... 9
अंक योजना ..... 10
साहित्य (गद्य खंड) ..... 15
अंक योजना ..... 17
साहित्य (पद्य खंड) ..... 20
अंक योजना ..... 23
आदर्श जीवन मूल्य ..... 27
अंक योजना ..... 28

## व्याकरण और शब्दावली

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>प्रश्न</th><th>अंक</th></tr>
<tr><td>1</td><td>चारु चंद्र की चंचल किरणें खेल रही हैं जल-थल में।<br><br>उपर्युक्त पंक्ति में ___________ अलंकार है क्योंकि इसमें ___________ है।<br><br>[कौशल : समझ]</td><td>2</td></tr>
<tr><td>2</td><td>चौपाई में कितने चरण और कितनी मात्राएँ होती हैं? उदाहरण सहित बताइए।<br><br>[कौशल : समझ]</td><td>2</td></tr>
<tr><td>3</td><td>पद किसे कहते हैं? 'पर्वत' शब्द को पद में परिवर्तित करके लिखिए।<br><br>[कौशल : समझ]</td><td>2</td></tr>
<tr><td>4</td><td>तालिका में से विकारी और अविकारी शब्दों को छाँटकर लिखिए।<br><br><table><tr><td>किंतु</td><td>परंतु</td><td>अच्छा</td><td>उड़ना</td></tr><tr><td>आप</td><td>लेकिन</td><td>पूजा</td><td>इसलिए</td></tr></table><br>[कौशल : स्मरण]</td><td>2</td></tr>
<tr><td>5</td><td>'गजेंद्र' गुण संधि का उदाहरण कैसे है? संधि विच्छेद कीजिए और बताइए कि इसमें गुण संधि के किस नियम का प्रयोग हुआ है?<br><br>[कौशल : समझ]</td><td>2</td></tr>
<tr><td>6</td><td>निम्नलिखित में से 'अ' उपसर्ग वाले शब्दों को पहचानकर उचित विकल्प चुनिए।<br>(क) अनपढ़<br>(ख) अभाव<br>(ग) अन्याय<br>(घ) अनचाहा<br><br>(A) केवल (क) और (ख)<br>(B) केवल (ख) और (ग)<br>(C) केवल (ग) और (घ)<br>(D) केवल (ख) और (घ)<br><br>[कौशल : समझ]</td><td>1</td></tr>
<tr><td>7</td><td>कथन (A) : 'लिखावट' और 'सजावट' शब्दों में प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।<br>कारण (R) : इनके मूल शब्दों में 'आवट' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।</td><td>1</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | उपर्युक्त कथन-कारण के आधार पर उचित विकल्प चुनिए।<br>(A) कथन गलत है किंतु कारण (R) सही है।<br>(B) कथन और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।<br>(C) कथन सही है और कारण (R) कथन की सही व्याख्या है।<br>(D) कथन सही किंतु कारण (R) कथन की सही व्याख्या नहीं है।<br><br>[कौशल : समझ] | |
| 8 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'समुद्र' का पर्यायवाची नहीं है?<br>(A) नीरद<br>(B) सिंधु<br>(C) पयोधि<br>(D) जलधि<br><br>[कौशल : स्मरण] | 1 |
| 9 | *चोर को पकड़ने के बाद भीड़ ने मिलकर ___________।*<br><br>रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित मुहावरा चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।<br>(A) उसके घाव पर नमक छिड़क दिया<br>(B) उसका काम तमाम कर दिया<br>(C) आँखों में धूल झोंक दी<br>(D) दीवार खड़ी कर दी<br><br>[कौशल : समझ] | 1 |
| 10 | निम्नलिखित में से किस वाक्य में रेखांकित शब्द का प्रयोग अनेक अर्थों में हुआ है?<br>(A) अच्छे दिन लाने हैं तो हमें हर दिन मेहनत करनी होगी।<br>(B) इस पेड़ पर अनेक फल हैं परंतु मुझे आम का फल पसंद है।<br>(C) चित्रकला एक सुंदर कला है और मुझे कला सीखना पसंद है।<br>(D) उसके सिर के बाल सफ़ेद हो रहे हैं लेकिन वह अभी भी बाल बुद्धि है।<br><br>[कौशल : समझ] | 1 |

## अंक योजना

| क्र.सं. | रुब्रिक | अंक |
|---|---|---|
| 1 | **Evaluation Criteria:**<br>अनुप्रास, 'च' और 'ल' वर्ण की आवृत्ति हो रही<br><br>*प्रत्येक रिक्त स्थान में सही उत्तर लिखने पर 1 अंक दें।* | 2 |
| 2 | **Evaluation Criteria:**<br>चौपाई में चार चरण और प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएँ होती हैं।<br><br>उदाहरण- एहि बिधि राम सबहि समुझावा।<br>गुर पद पदुम हरषि सिरु नावा॥<br>गनपति गौरि गिरीसु मनाई।<br>चले असीस पाइ रघुराई॥<br><br>*चौपाई का चरण और मात्राएँ लिखने पर 1 अंक दें और उदाहरण लिखने पर 1 अंक दें। अन्य सही उदाहरण पर भी विचार करें।* | 2 |
| 3 | **Evaluation Criteria:**<br>• जब शब्द का वाक्य में प्रयोग होता हो तो वह पद कहलाता है।<br>• पर्वत - भारत में अनेक पर्वत श्रृंखलाएँ हैं।<br><br>*इस प्रकार शब्द को पद में परिवर्तित करने पर 2 अंक दें। अन्य सही वाक्य निर्माण पर भी विचार करें।* | 2 |
| 4 | **Evaluation Criteria:**<br>अविकारी - किंतु, परंतु, लेकिन, इसलिए<br><br>विकारी - अच्छा, उड़ना, आप, पूजा<br><br>*विकारी-अविकारी शब्दों की सही पहचान करने पर प्रत्येक के लिए 2 अंक दें।* | 2 |
| 5 | **Evaluation Criteria:**<br>• गज + इंद्र<br>• संधि का नियम - अ + इ स्वरों का मिलान करके 'ए' स्वर बना है। यह गुण संधि का नियम है।<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें।* | 2 |
| 6 | **Correct Answer:** B<br>यह विकल्प सही है क्योंकि केवल (ख) और (ग) 'अ' उपसर्ग से बने शब्द हैं। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि केवल (ख) और (ग) में 'अ' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। | |

| | | |
|---|---|---|
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि केवल (ख) और (ग) में 'अ' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि केवल (ख) और (ग) में 'अ' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। | |
| 7 | **Correct Answer:** C<br><br>यह विकल्प सही है क्योंकि कथन सही है और कारण (R) कथन की सही व्याख्या है। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि कथन सही है और कारण (R) कथन की सही व्याख्या है। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि कथन सही है और कारण (R) कथन की सही व्याख्या है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि कथन सही है और कारण (R) कथन की सही व्याख्या है। | |
| 8 | **Correct Answer:** A<br>यह विकल्प सही है क्योंकि यह 'समुद्र' का पर्यायवाची नहीं है, बल्कि मेघ का पर्यायवाची है। | 1 |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि यह समुद्र का पर्यायवाची है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि यह समुद्र का पर्यायवाची है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि यह समुद्र का पर्यायवाची है। | |
| 9 | **Correct Answer:** B<br>यह विकल्प सही है क्योंकि रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा - काम तमाम करना, जिसका अर्थ है - अंत करना या कार्य समाप्त करना। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा - काम तमाम करना, जिसका अर्थ है - अंत करना या कार्य समाप्त करना। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा - काम तमाम करना, जिसका अर्थ है - अंत करना या कार्य समाप्त करना। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा - काम तमाम करना, जिसका अर्थ है - अंत करना या कार्य समाप्त करना। | |
| 10 | **Correct Answer:** D<br>यह विकल्प सही है क्योंकि इस वाक्य में बाल का प्रयोग अनेक अर्थों में हुआ है, 1) केश 2) बालक। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि इस वाक्य में दिन का प्रयोग अनेक अर्थों में नहीं हुआ है। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि इस वाक्य में फल का प्रयोग अनेक अर्थों में नहीं हुआ है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि इस वाक्य में कला का प्रयोग अनेक अर्थों में नहीं हुआ है। | |

## लेखन

| क्र.सं. | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 11 | आपके द्वारा उपयोग किए जा रहे केनरा बैंक के एटीएम में तकनीकी समस्या उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में बैंक के प्रबंधक को शिकायत पत्र लिखिए।<br><br>[कौशल : अनुप्रयोग] | 5 |
| 12 | पुस्तकालय में नई पुस्तकों की आवश्यकता के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।<br><br>[कौशल : अनुप्रयोग] | 5 |
| 13 | आपके स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें आपने भाग लिया और पुरस्कार जीता। अपने अनुभव को साझा करते हुए बड़े भाई/बहन को एक पत्र लिखिए।<br><br>[कौशल : अनुप्रयोग] | 5 |
| 14 | आपके मित्र ने बहुत अच्छे अंकों से बोर्ड परीक्षाएँ पास की हैं। उसे बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए पत्र लिखिए।<br><br>[कौशल : अनुप्रयोग] | 5 |
| 15 | निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए।<br><br>(क) महिला सशक्तिकरण<br><br>(ख) ऑनलाइन शिक्षा का बढ़ता प्रभाव<br><br>(ग) बेरोज़गारी की समस्या और समाधान<br><br>(घ) विज्ञान और कृषि : खाद्य सुरक्षा का आधार<br><br>(ङ) स्वास्थ्य और स्वच्छता : एक स्वस्थ जीवन की कुंजी<br><br>[कौशल : अनुप्रयोग] | 5 |
| 16 | निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए।<br><br>(क) मेरे सपनों का भारत<br><br>(ख) महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान<br><br>(ग) प्लास्टिक प्रदूषण और इसका समाधान<br><br>(घ) शिक्षा और डिजिटल युग : अवसर और चुनौतियाँ<br><br>(ङ) कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) : भविष्य की शक्ति<br><br>[कौशल : अनुप्रयोग] | 5 |

## अंक योजना

| क्र.सं. | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 11 | **Evaluation Criteria:**<br>**प्रारूप**<br>(1) औपचारिक पत्र के सभी अंग सुनिश्चित करना [1]<br>• दिनांक एवं विषय-संकेत [0.25]<br>• प्रेषक का नाम और पता [0.25]<br>• प्राप्तकर्ता का नाम और पता [0.25]<br>• संबोधन एवं समापन [0.25]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।* | 1 |
| | **विषयवस्तु**<br>(1) विषय केंद्रीयता (अनावश्यक बातें न करके केवल विषय-संबद्ध वर्णन-विवेचन) [0.5]<br>(2) सभी अंगों का सही क्रम सुनिश्चित करना [0.5]<br>(3) क्रमबद्धता (विचारों को क्रमबद्ध एवं तर्कसंगत विधि से प्रकट करना) [0.5]<br>(4) विचारों को औपचारिक शब्दों में प्रस्तुत करना [0.5]<br>(5) विषयवस्तु का समापन [0.5]<br>(6) शब्द-सीमा का पालन [0.5]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।* | 3 |
| | **भाषाई शुद्धता**<br>(1) व्याकरण (व्याकरण सम्मत भाषा तथा विराम चिह्नों का उचित प्रयोग) [0.5]<br>(2) वर्तनी (शब्दों की शुद्ध वर्तनी का प्रयोग) [0.5]<br><br>*पूरे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर केवल 1-2 त्रुटियाँ हैं।*<br>*आधे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 3-5 त्रुटियाँ हैं।*<br>*शून्य अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 5 से अधिक त्रुटियाँ हैं।* | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | **Evaluation Criteria:**<br>**प्रारूप**<br>(1) औपचारिक पत्र के सभी अंग सुनिश्चित करना [1]<br>• दिनांक एवं विषय-संकेत [0.25]<br>• प्रेषक का नाम और पता [0.25]<br>• प्राप्तकर्ता का नाम और पता [0.25]<br>• संबोधन एवं समापन [0.25]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।* | 1 |
| | **विषयवस्तु**<br>(1) विषय केंद्रीयता (अनावश्यक बातें न करके केवल विषय-संबद्ध वर्णन-विवेचन) [0.5]<br>(2) सभी अंगों का सही क्रम सुनिश्चित करना [0.5]<br>(3) क्रमबद्धता (विचारों को क्रमबद्ध एवं तर्कसंगत विधि से प्रकट करना) [0.5]<br>(4) विचारों को औपचारिक शब्दों में प्रस्तुत करना [0.5]<br>(5) विषयवस्तु का समापन [0.5]<br>(6) शब्द-सीमा का पालन [0.5]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।* | 3 |
| | **भाषाई शुद्धता**<br>(1) व्याकरण (व्याकरण सम्मत भाषा तथा विराम चिह्नों का उचित प्रयोग) [0.5]<br>(2) वर्तनी (शब्दों की शुद्ध वर्तनी का प्रयोग) [0.5]<br><br>*पूरे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर केवल 1-2 त्रुटियाँ हैं।*<br>*आधे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 3-5 त्रुटियाँ हैं।*<br>*शून्य अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 5 से अधिक त्रुटियाँ हैं।* | 1 |
| 13 | **Evaluation Criteria:**<br>**प्रारूप**<br>(1) अनौपचारिक पत्र के सभी अंग सुनिश्चित करना [1]<br>• दिनांक [0.25] | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | • प्रेषक का नाम और पता [0.25]<br>• प्राप्तकर्ता का नाम और पता [0.25]<br>• संबोधन एवं अभिवादन [0.25]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।* | |
| | **विषयवस्तु**<br><br>(1) विषय केंद्रीयता (अनावश्यक बातें न करके केवल विषय-संबद्ध वर्णन-विवेचन) [1]<br>(2) सभी अंगों का सही क्रम सुनिश्चित करना [0.5]<br>(3) क्रमबद्धता (विचारों को क्रमबद्ध एवं तर्कसंगत विधि से प्रकट करना) [1]<br>(4) शब्द-सीमा का पालन [0.5]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।* | 3 |
| | **भाषाई शुद्धता**<br><br>(1) व्याकरण (व्याकरण सम्मत भाषा तथा विराम चिह्नों का उचित प्रयोग) [0.5]<br>(2) वर्तनी (परिचित और अपरिचित शब्दों की शुद्ध वर्तनी का उचित प्रयोग) [0.5]<br><br>*पूरे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर केवल 1-2 त्रुटियाँ हैं।*<br>*आधे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 3-5 त्रुटियाँ हैं।*<br>*शून्य अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 5 से अधिक त्रुटियाँ हैं।* | 1 |
| 14 | **Evaluation Criteria:**<br>**प्रारूप**<br><br>(1) अनौपचारिक पत्र के सभी अंग सुनिश्चित करना [1]<br><br>• दिनांक [0.25]<br>• प्रेषक का नाम और पता [0.25]<br>• प्राप्तकर्ता का नाम और पता [0.25]<br>• संबोधन एवं अभिवादन [0.25]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।* | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **<u>विषयवस्तु</u>**<br><br>(1) विषय केंद्रीयता (अनावश्यक बातें न करके केवल विषय-संबद्ध वर्णन-विवेचन) [1]<br>(2) सभी अंगों का सही क्रम सुनिश्चित करना [0.5]<br>(3) क्रमबद्धता (विचारों को क्रमबद्ध एवं तर्कसंगत विधि से प्रकट करना) [1]<br>(4) शब्द-सीमा का पालन [0.5]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।* | 3 |
| | **<u>भाषाई शुद्धता</u>**<br><br>(1) व्याकरण (व्याकरण सम्मत भाषा तथा विराम चिह्नों का उचित प्रयोग) [0.5]<br>(2) वर्तनी (परिचित और अपरिचित शब्दों की शुद्ध वर्तनी का उचित प्रयोग) [0.5]<br><br>*पूरे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर केवल 1-2 त्रुटियाँ हैं।*<br>*आधे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 3-5 त्रुटियाँ हैं।*<br>*शून्य अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 5 से अधिक त्रुटियाँ हैं।* | 1 |
| 15 | **Evaluation Criteria:**<br>**<u>विषयवस्तु</u>**<br><br>(1) विषय केंद्रीयता (अनावश्यक बातें न करके केवल विषय-संबद्ध वर्णन-विवेचन) [0.5]<br>(2) मौलिकता (सृजनात्मकता के साथ प्रभावपूर्ण भाषा तथा लेखन-शैली का स्वाभाविक रूप से प्रयोग करना) [0.5]<br>(3) सीमित शब्दों में विषय के सभी पक्षों को संयोजित करना [0.5]<br>(4) शब्द-सीमा का पालन [0.5]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।* | 2 |
| | **<u>प्रस्तुति</u>**<br><br>(1) क्रमबद्धता (विचारों को क्रमबद्ध एवं तर्कसंगत विधि से प्रकट करना) [1]<br><br>(2) भूमिका तथा निष्कर्ष का होना [1]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।* | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | **भाषाई शुद्धता**<br><br>(1) व्याकरण (व्याकरण सम्मत भाषा तथा विराम चिह्नों का उचित प्रयोग) [0.5]<br>(2) वर्तनी (शब्दों की शुद्ध वर्तनी का प्रयोग) [0.5]<br><br>*पूरे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर केवल 1-2 त्रुटियाँ हैं।*<br>*आधे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 3-5 त्रुटियाँ हैं।*<br>*शून्य अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 5 से अधिक त्रुटियाँ हैं।* | 1 |
| 16 | **Evaluation Criteria:**<br>**विषयवस्तु**<br>(1) विषय केंद्रीयता (अनावश्यक बातें न करके केवल विषय-संबद्ध वर्णन-विवेचन) [0.5]<br>(2) मौलिकता (सृजनात्मकता के साथ प्रभावपूर्ण भाषा तथा लेखन-शैली का स्वाभाविक रूप से प्रयोग करना) [0.5]<br>(3) सीमित शब्दों में विषय के सभी पक्षों को संयोजित करना [0.5]<br>(4) शब्द-सीमा का पालन [0.5]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।* | 2 |
| | **प्रस्तुति**<br>(1) क्रमबद्धता (विचारों को क्रमबद्ध एवं तर्कसंगत विधि से प्रकट करना) [1]<br>(2) भूमिका तथा निष्कर्ष का होना [1]<br><br>*हर मापदंड के लिए पूरे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।*<br>*हर मापदंड के लिए आधे अंक दें यदि दी गई अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता है।*<br>*हर मापदंड के लिए शून्य अंक दें यदि दी गई अपेक्षाएँ बिलकुल पूरी नहीं होती हैं।* | 2 |
| | **भाषाई शुद्धता**<br>(1) व्याकरण (व्याकरण सम्मत भाषा तथा विराम चिह्नों का उचित प्रयोग) [0.5]<br>(2) वर्तनी (शब्दों की शुद्ध वर्तनी का प्रयोग) [0.5]<br><br>*पूरे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर केवल 1-2 त्रुटियाँ हैं।*<br>*आधे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 3-5 त्रुटियाँ हैं।*<br>*शून्य अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 5 से अधिक त्रुटियाँ हैं।* | 1 |

## साहित्य (गद्य खंड)

| क्र.सं. | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 17 | 'नेताजी का चश्मा' पाठ में चश्मे को लेकर लोगों की सोच और उनके व्यवहार से किस प्रकार की मानसिकता उजागर होती है?<br><br>[कौशल : समझ] | 2 |
| 18 | पुत्रवधू के पुनर्विवाह के निर्णय से बालगोबिन भगत के व्यक्तित्व के बारे में क्या पता चलता है?<br><br>[कौशल : समझ] | 2 |
| 19 | 'लखनवी अंदाज़' पाठ में 'नवाब साहब' का चरित्र किस प्रकार व्यंग्य का विषय बनता है? उदाहरण दीजिए।<br><br>[कौशल : अनुप्रयोग] | 2 |
| 20 | 'एक कहानी यह भी' आत्मकथा में लेखिका ने अपने व्यक्तित्व को प्रभावित करने वाले लोगों का उल्लेख किया है। आपके व्यक्तित्व पर किसने सबसे अधिक प्रभाव डाला और इसका क्या परिणाम हुआ?<br><br>[कौशल : अनुप्रयोग] | 2 |
| 21 | आधुनिक दबाव ने महानगर में बसे मनुष्यों के जीवन को कैसे प्रभावित किया है? 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर लिखिए।<br><br>[कौशल : समझ] | 3 |
| 22 | *'इसी बालसुलभ हँसी में कई यादें बंद हैं।'*<br><br>'नौबतखाने में इबादत' पाठ की इस पंक्ति में लेखक ने अमीरुद्दीन की किन यादों का ज़िक्र किया है? कोई तीन यादें लिखिए।<br><br>[कौशल : समझ] | 3 |
| 23 | 'लखनवी अंदाज़' पाठ में 'नई कहानी' से लेखक का क्या अभिप्राय था?<br>(A) खीरे के रसास्वादन का वर्णन<br>(B) खानदानी तहज़ीब का प्रदर्शन<br>(C) नई सोच और विचारों को प्रस्तुत करना<br>(D) बिना पात्र और घटना के कहानी बनाना<br><br>[कौशल : स्मरण] | 1 |
| 24 | अमीरुद्दीन का नौबतखाने में इबादत करना किस बात को दर्शाता है?<br>(A) संगीत और धर्म के प्रति उनकी समान आस्था<br>(B) सामाजिक और जीवन से अलगाव<br>(C) मांगलिक अवसरों का लाभ उठाना<br>(D) शास्त्रीय परंपरा का प्रचार<br><br>[कौशल : स्मरण] | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 25 | 'एक कहानी यह भी' पाठ का मुख्य भाव पहचानिए।<br><br>(A) सिलसिलेवार आत्मकथा लिखना<br>(B) लेखकीय जीवन को अनछुआ रखना<br>(C) पारिवारिक रिश्तों की सुंदरता को दर्शाना<br>(D) व्यक्तित्व निर्माण में सहायक पात्रों का उल्लेख करना<br><br>[कौशल : समझ] | 1 |
| 26 | बालगोबिन भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर शोक नहीं मनाया क्योंकि ___________।<br>(A) उन्हें बेटे से प्यार नहीं था<br>(B) मृत्यु जीवन का अटल सत्य था<br>(C) उन्हें बेटे की मृत्यु पर विश्वास नहीं हो रहा था<br>(D) उनके अनुसार शोक मनाना धर्म के विरुद्ध था<br><br>[कौशल : समझ] | 1 |
| 27 | *'तो इस बेचारे की दुकान भी नहीं!'*<br><br>कैप्टन के प्रति हालदार साहब के मन में जागृत भावना पहचानिए।<br>(A) निराशा और विरोध<br>(B) आघात और ईर्ष्या<br>(C) दुख और आश्चर्य<br>(D) दया और शोक<br><br>[कौशल : समझ] | 1 |
| 28 | संस्कृत व्यक्ति होने का वास्तविक अर्थ क्या है? 'संस्कृति' पाठ के आधार पर सही विकल्प चुनिए।<br>(A) नई चीज़ का आविष्कार करने वाला<br>(B) सभ्यता का प्रतिनिधित्व करने वाला<br>(C) पुरानी मान्यताओं को मानने वाला<br>(D) रूढ़ियों का अनुसरण करने वाला<br><br>[कौशल : अनुप्रयोग] | 1 |

## अंक योजना

| क्र.सं. | प्रश्न | अंक |
| --- | --- | --- |
| 17 | **Evaluation Criteria:**<br>• बाहरी वस्तुओं को आदर्श मानने की प्रवृत्ति<br>• नेताजी के वास्तविक जीवन मूल्यों को अनदेखा करना<br>• उनकी देशभक्ति तथा उनके प्रति सम्मान रखने वाले व्यक्ति (कैप्टन) का उपहास करना<br>• कस्बे के लोगों द्वारा नेताजी के असली संघर्ष और आदर्शों को भुला दिया जाना।<br><br>*इनमें से किन्हीं दो बिंदुओं के लिखने पर 2 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 18 | **Evaluation Criteria:**<br>• दूरदर्शी और समाज सुधारक<br>• निडर स्वभाव को दर्शाना<br>• रूढ़िवादी विचारों के बावजूद अपनी पुत्रवधू के हित में एक असाधारण निर्णय लेना<br><br>*इनमें से किन्हीं दो बिंदुओं के लिखने पर 2 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 19 | **Evaluation Criteria:**<br>• नवाब साहब का चरित्र दिखावे, ढोंग और वास्तविकता से दूर भागने की मानवीय प्रवृत्ति पर व्यंग्य करता है।<br>• खीरा खाने का तरीका, (सूँघना और फेंक देना) उनकी नकली रईसी को उजागर करता है।<br>• लोग अपनी सामाजिक स्थिति को बनाए रखने के लिए अजीबोगरीब और अनावश्यक चीज़ें करते रहते हैं।<br>• लेखक द्वारा नवाब साहब के खीरे खाने के तरीके को कथा लेखन से जोड़ना उन लेखकों पर भी व्यंग्य करता है, जो कल्पना को वास्तविकता से अधिक महत्व देते हैं।<br><br>*किन्हीं दो बिंदुओं के लिखने पर 2 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 20 | **Evaluation Criteria:**<br>**किसका** - पिता का<br>**किस तरह** - स्वभाव की निर्मलता, व्यवहार की शालीनता, चरित्र, ईमानदारी जैसे गुणों से प्रभावित होकर ग्रहण करना<br>*इस प्रकार संबंधित व्यक्ति और गुणों का उल्लेख करने पर 2 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 21 | **Evaluation Criteria:**<br>• परंपरागत 'पड़ोस कल्चर' का खत्म होना और हमारे जीवन का दायरा केवल परिवार तक संकुचित रह जाना। | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | • मोहल्ले के घरों में बेखौफ़ और बेझिझक आवाजाही खत्म होना और पड़ोस को लेकर असुरक्षित भावना का पनपना।<br>• मोहल्ले के खेल और गतिविधियों का सीमित अथवा लगभग समाप्त हो जाना।<br>• सामूहिकता की संभावना सीमित होना तथा अकेलेपन और असहाय होने की भावना पनपना।<br><br>*किन्हीं 3 बिंदुओं के लिए 3 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर विचार करें।* | |
| 22 | **Evaluation Criteria:**<br>• चार वर्षीय अमीरुद्दीन के बचपन की / नाना की मीठी वाली शहनाई खोजने की<br>• पत्थर पटककर मामू को दाद देने की<br>• सुलोचना की फ़िल्म की टिकट के लिए पैसों का इंतज़ाम करने की<br><br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 3 |
| 23 | **Correct Answer:** D<br>यह विकल्प सही है क्योंकि लेखक नई कहानी को व्यंग्यात्मक रूप से बिना पात्र और घटना के केवल अपनी कल्पना और इच्छा से बनाई गई कहानी के रूप में प्रस्तुत करते हैं। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि पाठ में खानदानी तहज़ीब का ज़िक्र है लेकिन यह कहानी का मुख्य उद्देश्य नहीं है। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि खीरे का वर्णन मुख्य विषय नहीं है; इसका उपयोग 'नई कहानी' के व्यंग्यात्मक दृष्टिकोण को व्यक्त करने के लिए किया गया है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि पाठ में नई सोच या विचारों का उल्लेख नहीं है। | |
| 24 | **Correct Answer:** A<br>यह विकल्प सही है वह संगीत और धर्म में समान आस्था रखते थे। | 1 |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि उनको संगीत से प्रेम था। | |
| | C: यह विकल्प भी गलत है क्योंकि पाठ में दी गई जानकारी के आधार पर हम ऐसा नहीं कहा जा सकता है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि सही उत्तर - संगीत और धर्म के प्रति उनकी समान आस्था है। | |
| 25 | **Correct Answer:** D<br>यह विकल्प सही है क्योंकि यह पाठ का मूल भाव है। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि पाठ के प्रारंभ में ही बताया गया है कि यह सिलसिलेवार लिखी गई आत्मकथा नहीं है। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि पाठ में लेखकीय जीवन के बारे में बताया गया है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि पाठ में पारिवारिक जीवन के बारे में बताया गया है परंतु यह उद्देश्य के रूप में प्रस्तुत नहीं हुआ है। | |

| | | |
|---|---|---|
| 26 | **Correct Answer:** B<br>यह विकल्प सही है क्योंकि वे मानते थे कि मृत्यु जीवन का अटल सत्य है। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि वे मृत्यु को जीवन का अटल सत्य मानते थे। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि वे मृत्यु को जीवन का अटल सत्य मानते थे। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि वे मृत्यु को जीवन का अटल सत्य मानते थे। | |
| 27 | **Correct Answer:** C<br>यह विकल्प सही है क्योंकि हालदार साहब के मन में दुख और आश्चर्य के भाव थे। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि हालदार साहब के मन में दुख और आश्चर्य के भाव थे। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि हालदार साहब के मन में दुख और आश्चर्य के भाव थे। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि हालदार साहब के मन में दुख और आश्चर्य के भाव थे। | |
| 28 | **Correct Answer:** A<br>यह विकल्प सही है क्योंकि पाठ के अनुसार नई चीज़ों की खोज करने वाला ही संस्कृत व्यक्ति होता है। | 1 |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि पाठ में सभ्यता का ज़िक्र है लेकिन सभी व्यक्ति और संस्कृत व्यक्ति को अलग बताया गया है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि मान्यताओं का संस्कृत होने से कोई संबंध नहीं है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि पाठ में ऐसा कोई संदर्भ नहीं है। | |

## साहित्य (पद्य खंड)

| क्र.सं. | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 29 | 'सूरदास के पद' में गोपियाँ उद्धव की तुलना किससे करती हैं?<br>(A) सूखे पत्तों से<br>(B) माटी के ढेले से<br>(C) चंदन के पेड़ से<br>(D) तेल की गागरी से<br><br>[कौशल : स्मरण] | 1 |
| 30 | संगतकार की आवाज़ कैसी होती है? कविता के आधार पर सही विकल्प चुनिए।<br>(A) तेज़ और तीक्ष्ण<br>(B) कोमल और मधुर<br>(C) कमज़ोर और काँपती<br>(D) भारी और शक्तिशाली<br><br>[कौशल : स्मरण] | 1 |
| 31 | *'हे <u>नृपबालक</u> कालबस बोलत'*<br><br>इस पंक्ति में रेखांकित संबोधन ___________ के लिए प्रयुक्त हुआ है। 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।<br>(A) राम<br>(B) लक्ष्मण<br>(C) सहस्रबाहु<br>(D) परशुराम<br><br>[कौशल : समझ] | 1 |
| 32 | 'फसल' कविता में 'सिमटा हुआ संकोच' किसका प्रतीक है?<br>(A) पानी के बहाव का<br>(B) हवा की हलचल का<br>(C) मिट्टी की स्थिरता का<br>(D) सूर्य की किरणों का<br><br>[कौशल : समझ] | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 33 | *'यह विडंबना! अरी सरलते तेरी हँसी उड़ाऊँ मैं।'*<br><br>'आत्मकथ्य' कविता की इस पंक्ति में 'विडंबना' शब्द का क्या अर्थ है?<br>(A) खुशी<br>(B) उदासी<br>(C) आश्चर्य<br>(D) विरोधाभास<br><br>[कौशल : समझ] | 1 |
| 34 | कवि ने फागुन का सौंदर्य देखकर कविता का शीर्षक 'अट नहीं रही है' क्यों रखा? सही कारण चुनिए।<br>(A) प्रकृति में नहीं समा पाने के कारण<br>(B) कवि को प्राकृतिक लगने के कारण<br>(C) कवि को काल्पनिक लगने के कारण<br>(D) आसमान में नहीं समा पाने के कारण<br><br>[कौशल : समझ] | 1 |
| 35 | *'तप्त धरा, जल से फिर शीतल कर दो'*<br><br>'तप्त धरा' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है? 'उत्साह' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।<br><br>[कौशल : समझ] | 2 |
| 36 | *'तब भी कहते हो कह-डालूँ दुर्बलता अपनी बीती।*<br>*तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे-यह गागर रीती।'*<br>'आत्मकथ्य' कविता की इन पंक्तियों में कवि अपनी कमज़ोरियों को क्यों छिपाना चाहता है?<br><br>[कौशल : समझ] | 2 |
| 37 | 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में कवि बालक से आँखें फेरने की बात क्यों करता है?<br><br>[कौशल : समझ] | 3 |
| 38 | 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' में परशुराम ने लक्ष्मण को चुनौती क्यों दी थी? उनके उद्देश्य को समझाकर लिखिए।<br><br>[कौशल : समझ] | 3 |
| 39 | समाज मुख्य गायक और संगतकार की भूमिका को किस प्रकार देखता है? तीन प्रमुख दृष्टिकोणों के बारे में लिखिए।<br><br>[कौशल : समझ] | 3 |
| 40 | *हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।*<br>*समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।*<br>*इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।*<br>*बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग–सँदेस पठाए।* | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | सूरदास के पद की उपर्युक्त पंक्तियों का काव्यगत सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।<br><br>[कौशल : समझ] | |
| 41 | अपने जीवन की किसी ऐसी घटना का उदाहरण दीजिए, जिसने आपको कोई विशेष कार्य करने की प्रेरणा दी हो। 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।<br><br>[कौशल : अनुप्रयोग] | 3 |
| 42 | 'माता का अँचल' कहानी में पिता-पुत्र प्रेम के प्रमाण अधिक मिलते हैं; फिर भी इसका शीर्षक माता के प्रेम पर क्यों आधारित है?<br><br>[कौशल : समझ] | 3 |
| 43 | 'साना-साना हाथ जोड़ि...' पाठ में लेखिका के अनुभव पढ़कर आपको क्या लगता है कि प्राकृतिक स्थल की यात्रा जीवन को कैसे प्रभावित करती है?<br><br>[कौशल : अनुप्रयोग] | 3 |
| 44 | *'मनुष्य की इसी असमाप्त खोज का नाम सौंदर्य है।'*<br><br>'साना-साना हाथ जोड़ि...' पाठ में लेखिका के मन में आए इस विचार को संदर्भ के साथ स्पष्ट कीजिए।<br><br>[कौशल : समझ] | 2 |
| 45 | 'माता का अँचल' पाठ में माता की अधीरता और रोने के कारण क्या थे? दो प्रमुख कारणों को समझाकर लिखिए।<br><br>[कौशल : समझ] | 2 |

## अंक योजना

| क्र.सं. | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 29 | **Correct Answer:** D<br>यह विकल्प सही है क्योंकि गोपियों ने उद्धव की तुलना तेल की मटकी से की है। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि गोपियों ने उद्धव की तुलना तेल की मटकी से की है। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि गोपियों ने उद्धव की तुलना तेल की मटकी से की है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि गोपियों ने उद्धव की तुलना तेल की मटकी से की है। | |
| 30 | **Correct Answer:** C<br>यही विकल्प सही है क्योंकि हिचक के कारण उसकी आवाज़ कमज़ोर और काँपती है। | 1 |
| | A: यही विकल्प गलत है क्योंकि हिचक के कारण उसकी आवाज़ कमज़ोर और काँपती है। | |
| | B: यही विकल्प गलत है क्योंकि हिचक के कारण उसकी आवाज़ कमज़ोर और काँपती है। | |
| | D: यही विकल्प गलत है क्योंकि हिचक के कारण उसकी आवाज़ कमज़ोर और काँपती है | |
| 31 | **Correct Answer:** B<br>यह विकल्प सही है क्योंकि यह संबोधन लक्ष्मण के लिए है। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि यह संबोधन लक्ष्मण के लिए है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि यह संबोधन लक्ष्मण के लिए है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि यह संबोधन लक्ष्मण के लिए है। | |
| 32 | **Correct Answer:** B<br>यह विकल्प सही है क्योंकि कवि ने 'सिमटा हुआ संकोच' का प्रयोग हवा की उस गतिशीलता को दर्शाने के लिए किया है, जो फसल के विकास में अहम भूमिका निभाती है, भले ही वह सीधे दिखाई न दे। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि पानी भी फसल के लिए आवश्यक है लेकिन सिमटा हुआ संकोच पानी की तरलता के विपरीत है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि मिट्टी स्थिर होती है। 'सिमटा हुआ संकोच' मिट्टी की स्थिरता के बजाय, किसी गतिशील चीज़ के स्थिर होने का भाव देता है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि सूर्य की किरणें ऊर्जा का स्रोत है। 'सिमटा हुआ संकोच' सूर्य की किरणों की गतिशीलता के विपरीत है। | |
| 33 | **Correct Answer:** D<br>यह विकल्प सही है क्योंकि कविता में 'विडंबना' शब्द का प्रयोग दो विरोधी भावनाएँ या विचार एक साथ मौजूद होने की स्थिति को दिखाने के लिए किया गया है। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि विडंबना खुशी से जुड़ा हुआ शब्द नहीं है। यह एक गंभीर और जटिल भावना को दर्शाता है। | |

| | | |
|---|---|---|
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि कविता में उदासी का भाव ही नहीं है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि कविता में आश्चर्य भाव ही नहीं है। | |
| 34 | **Correct Answer:** A<br>यह विकल्प सही है क्योंकि 'अट नहीं रही है' कविता के माध्यम से कवि यह स्पष्ट करना चाह रहे हैं कि फागुन ऋतु का सौंदर्य इतना अधिक है कि वह प्रकृति में समा ही नहीं पा रहा। | 1 |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि कवि ने प्रकृति के सौंदर्य का बहुत ही मनोहारी चित्रण किया है, जो कवि को प्राकृतिक नहीं लग रहा है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि कविता में ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिलता है कि कवि को प्रकृति का सौंदर्य काल्पनिक लग रहा है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि कवि आसमान में फागुन का सौंदर्य समाने की बात नहीं कर रहे हैं। | |
| 35 | **Evaluation Criteria:**<br>• सूखे और गर्मी से तपती धरती के माध्यम से कवि पीड़ित मानव समाज की समस्याओं को दर्शा रहा है।<br>• जैसे बारिश धरती को ठंडा करती है, वैसे ही इन समस्याओं का समाधान हो तथा समाज में शांति और खुशहाली आए।<br><br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उतर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 36 | **Evaluation Criteria:**<br>• वह अपनी दुर्बलताओं और दुखों को व्यक्त करेगा तो लोग केवल उसकी पीड़ा को देखेंगे और उसमें कोई सुधार नहीं करेंगे।<br>• लोग उसकी बातों को केवल सुनकर सुख पाएँगे लेकिन कोई वास्तविक सहानुभूति या मदद नहीं करेंगे।<br><br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 37 | **Evaluation Criteria:**<br>• बालक द्वारा कवि को न पहचानने के कारण<br>• बालक द्वारा उसे अपलक देखते रहने के कारण<br>• अपलक देखते रहने से उसकी नन्हीं आँखों को थकान से बचाने के कारण<br><br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 3 |
| 38 | **Evaluation Criteria:**<br>• शिव जी का धनुष तोड़ने के कारण चुनौती देना<br>• धनुष तोड़ने को शिव जी का अपमान समझकर उसका प्रतिशोध लेने के लिए<br>• धनुष तोड़ने को धर्म का अपमान समझते हुए धर्म की रक्षा करने के उद्देश्य से चुनौती देना और अपराधी को दंडित करने के लिए<br><br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| 39 | **Evaluation Criteria:**<br>• **दृश्यता का अभाव -** मुख्य गायक मंच पर केंद्र में होते हैं और सभी की नज़रें उन पर होती हैं। संगतकार, आमतौर पर पीछे रहकर मुख्य गायक का साथ देते हैं। इस कारण लोग संगतकार के योगदान को कम आँकते हैं।<br>• **समाज का रूढ़िवादी दृष्टिकोण -** हमारे समाज में यह मान्यता है कि मुख्य व्यक्ति ही सफल होता है और बाकी सभी उसकी सहायता करते हैं। संगतकार को इसी मान्यता के दायरे में रखा जाता है।<br>• **इतिहास और परंपरा -** संगीत के इतिहास में भी मुख्य गायक को ही अधिक महत्व दिया गया है। संगतकारों के योगदान को अकसर भुला दिया जाता है।<br><br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 3 |
| 40 | **Evaluation Criteria:**<br>• पहली तीन पंक्तियों में समतुकांत शब्दों का प्रयोग<br>• लय और ध्वनि का उचित तालमेल<br>• समाचार सब, गुरु ग्रंथ, बढ़ी बुद्धि में अनुप्रास अलंकार की छटा<br>• जोग-सँदेस में समस्तपद<br>• ब्रज भाषा का सुंदर प्रयोग<br>• सरल और संक्षेप भाषा में राजधर्म की व्याख्या<br>• मधुकर जैसे तत्सम शब्द का प्रयोग<br><br>*इनमें से किन्हीं तीन सही बिंदुओं के लिखने पर 3 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 3 |
| 41 | **Evaluation Criteria:**<br>• निर्धन परिवार की दो लड़कियों को मेरे पिता द्वारा शिक्षा के लिए सहयोग करने पर कहानी लेखन करना<br>• कहानी लेखन प्रतियोगिता में इसी घटना को लिखने पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त करना<br><br>*इस तरह अपने जीवन का कोई अनुभव लिखने पर 3 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 3 |
| 42 | **Evaluation Criteria:**<br>• 'माता का आँचल' सुरक्षा, स्नेह और शांति का प्रतीक होना<br>• कहानी के अंत में, डर की स्थिति में बच्चे द्वारा अपनी माँ की ही गोद में शरण लेना / बच्चे द्वारा माँ के साथ अधिक सुरक्षित महसूस करना और पिता की गोद में जाने से मना करना<br>• माता के साथ न होते हुए भी बच्चे द्वारा माँ से भावनात्मक सुरक्षा और मज़बूती प्राप्त करना<br><br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| 43 | **Evaluation Criteria:**<br>• **आध्यात्मिक जागृति -** प्रकृति की शक्ति और सुंदरता का अहसास होना और स्वयं का ब्रह्मांड के साथ एकात्म महसूस करना<br>• **जीवन के प्रति नया दृष्टिकोण -** यात्रा के दौरान लोगों से मिलना, उनकी संस्कृति को समझना<br>• **मानवीय मूल्यों का महत्व -** प्राकृतिक स्थल पर रहने वाले लोगों के जीवन को देखकर मानवीय मूल्यों; जैसे- करुणा, सहानुभूति, एकता और त्याग का महत्व समझना<br>• **रचनात्मकता में वृद्धि -** प्रकृति के अद्भुत दृश्यों को अभिव्यक्त करने में रचनात्मकता को बढ़ावा मिलना<br>• **तनाव मुक्ति और आत्मसंतुष्टि-** दैनिक भागदौड़ से दूर शांति और आत्मसंतुष्टि का अहसास होना<br><br>*इनमें से किन्हीं 3 बिंदुओं का उल्लेख करने पर 3 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 3 |
| 44 | **Evaluation Criteria:**<br>• घाटियों के बीच नए-नए रास्ते निकालना<br>• नई जगहों को खोजकर उन्हें टूरिस्ट स्पॉट बनाना / नए स्थानों की खोज करने का कार्य निरंतर जारी रहना<br><br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 45 | **Evaluation Criteria:**<br>• बालक के चोटिल होने पर माता का मन भी आहत होना / बच्चों की व्यथा को स्वयं की व्यथा समझना<br>• बच्चों के प्रति समर्पित ममत्व भाव होना / बच्चों से माँ का भावनात्मक संबंध होना<br><br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |

## आदर्श जीवन मूल्य

| क्र.सं. | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 46 | छात्र जीवन में युद्धरूपी चुनौतियाँ कौन-सी हैं और इन पर कैसे विजय पा सकते हैं? 'आधार पक्का-जीवन अच्छा' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।<br><br>[कौशल : समझ] | 2 |
| 47 | 'भगिनी निवेदिता' के कौन-से योगदान उन्हें एक 'गरिमामयी भारतीय नारी' बनाते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।<br><br>[कौशल : समझ] | 2 |
| 48 | एकलव्य के कौन-कौन-से गुण आपको प्रेरित करते हैं और क्यों? किन्हीं दो के बारे में बताइए।<br><br>[कौशल : अनुप्रयोग] | 2 |
| 49 | आकाश गुप्ता ने 'समस्या को अवसर में बदलना' इस सूक्ति को सार्थक करने के लिए क्या काम किए हैं?<br><br>[कौशल : समझ] | 2 |
| 50 | ‘कर्म की सफलता’के लिए मन में कौन-सा भाव होना चाहिए और क्यों? 'कर्म ही जीवन का आधार' पाठ के आधार पर लिखिए।<br><br>[कौशल : समझ] | 2 |

## अंक योजना

| क्र.सं. | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 46 | **Evaluation Criteria:**<br>• चुनौतियाँ - छात्रों का लक्ष्य से भटकना / आगे बढ़ने की होड़ में मेहनत और धैर्य की कमी होना / नकारात्मक भावना से ग्रस्त होना<br>• समाधान - अध्यात्म और परमात्मा को जीवन का आधार बनाकर मन को शांत रखना / लक्ष्य की ओर बढ़ना<br><br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 47 | **Evaluation Criteria:**<br>• कलकत्ता में प्लेग की महामारी से निपटने में दिया गया योगदान<br>• मरीज़ों की सेवा और स्वच्छता के काम में शामिल होने के लिए युवाओं को प्रेरित करना<br>• उनकी पहल के कारण प्लेग के मरीज़ों को लेकर छुआछूत की सतही भावना कम होना और प्लेग पर नियंत्रण होना<br><br>*किन्हीं दो बिंदुओं के लिखने पर 2 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 48 | **Evaluation Criteria:**<br>• **स्वयं की गलती ढूँढ़ना और सुधार करना -** धनुर्विद्या के अभ्यास के दौरान स्वयं अपनी गलतियाँ पहचानकर उनमें सुधार करना<br>• **अनुशासन का पालन करना -** अनुशासित होकर पूरी एकाग्रता के साथ धनुर्विद्या का निरंतर अभ्यास करना<br>• **गुरु के लिए अपार श्रद्धा-** गुरु द्रोण द्वारा एकलव्य को शिष्य के रूप में अस्वीकार करने पर भी उनकी प्रतिमा बनाकर धनुर्विद्या का अभ्यास करना<br><br>*किन्हीं दो बिंदुओं के लिखने पर 2 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 49 | **Evaluation Criteria:**<br>• अपने गाँव में बिजली उत्पादन करके इस सूक्ति को सार्थक बनाया<br>• इस काम में गोबर, पराली, कूड़ा, कचरा आदि का उपयोग किया और बायोगैस प्लांट लगाया<br>• कचरा निपटान, गाँव में बिजली पूर्ति, बिजली का बिल अधिक आने की समस्या खत्म होना<br><br>*किन्हीं दो बिंदुओं के लिखने पर 2 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 50 | **Evaluation Criteria:**<br>• मन में विनम्रता का भाव होना चाहिए।<br>• विनम्रता से हमारे जीवन को आधार मिलेगा और ईश्वरीय चेतना का प्रभाव रहेगा।<br>• अहंकार मुक्त होकर ईश्वर का स्मरण करने से भी कर्म सफल होगा और एकाग्रता बनी रहेगी।<br><br>*किन्हीं दो बिंदुओं के लिए 2 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |



Board of School Education Haryana, Bhiwani